# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक जागरण........

दिनांक 10.8.2019 पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...1-3...

# गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं ने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखियों की प्रदर्शनी लगाई

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन विभाग एवं रचनात्मक कला की छात्राओं की ओर से रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखियों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. बिमला ढांडा द्वारा किया गया।



प्रदर्शनी देखती गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. विमला ढांडा व अन्य। • जागरण

प्रदर्शनी में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा बनाई गई हस्तनिर्मित राखियों का भी प्रदर्शन किया गया। होम साइंस कालेज की सभी अध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने राखियां खरीदकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया एवं उनको प्रेरित किया। डा. बिमला ढांडा द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी प्रतिभा को उजागर करने के लिए अधिक से अधिक इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। पारिवारिक संसाधन विभाग की अध्यक्षा डा. किरण सिंह ने बताया कि इवेंट मैनेजमेंट के कोर्स में छात्राओं को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

उसी कड़ी में इन छात्राओं ने अपने हाथों से राखी बनाई और उनको प्रदर्शित किया। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक व छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर डा. कविता दुआ ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........अमर उजाला........

दिनांक 10.8.2015 पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....5-6....

# छात्राओं ने लगाई राखियों की प्रदर्शनी



राखियों की प्रदर्शनी को देखतीं डॉ. बिमला ढांडा व अन्य।

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन विभाग एवं रचनात्मक कला की छात्राओं ने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखियों की प्रदर्शनी लगाई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने किया। इस प्रदर्शनी में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा बनाई गई हस्तनिर्मित राखियों का भी प्रदर्शन किया गया। होम साइंस कॉलेज की सभी अध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने राखियां खरीदकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया एवं उनको प्रेरित किया। पारिवारिक संसाधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. किरण सिंह ने बताया कि इवेंट मेनेजमेंट के कोर्स में छात्राओं को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया जाता है उसी कड़ी में इन छात्राओं ने अपने हाथों से राखी बनाई और उनको प्रदर्शित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......

दिनांक 10.8.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 6-7

# एचएयू के होम साइंस कॉलेज की स्टूडेंट्स ने बनाईं क्रिएटिव राखियां



सिटी रिपोर्टर• एचएयू के होम साइंस कॉलेज के पारिवारिक संसाधन विभाग एवं रचनात्मक कला की स्टूडेंट्स ने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखियों की प्रदर्शनी लगाई। इसका उद्घाटन गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने किया। इस प्रदर्शनी में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा बनाई गई हस्तनिर्मित राखियों का प्रदर्शन किया गया।

## टीचर्स ने स्टूडेंट्स द्वारा बनाई राखियां खरीद कर बढ़ाया उत्साह

स्टूडेंट्स ने वेस्ट से बेस्ट और क्रिएटिव राखियां बनाईं। होम साइंस कॉलेज की सभी टीचर्स एवं स्टूडेंट्स ने राखियां खरीदकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया एवं उनको प्रेरित किया। डॉ. बिमला ढांडा ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी प्रतिभा को उजागर करने के लिए इस प्रकार की अधिक से अधिक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। पारिवारिक संसाधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. किरण सिंह ने बताया कि इवेंट मेनेजमेंट के कोर्स में छात्राओं कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......पंजाब केसरी......
दिनांक 10. 8. 2017 पृष्ठ सं. ....4.... कॉलम ....1-2....

# राखियों की प्रदर्शनी लगाई



*गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. बिमला ढांडा प्रदर्शनी देखते हुए।*

हिसार, 9 अगस्त (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन विभाग एवं रचनात्मक कला की छात्राओं द्वारा रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कालेज की अधिष्ठाता डा. बिमला ढांडा द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा बनाई गई हस्तनिर्मित राखियों का भी प्रदर्शन किया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम सच कहूँ
दिनांक 10.8.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-3

# अपनी प्रतिभा को उजागर करें छात्राएं: डॉ. बिमला

■ छात्राओं ने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में लगाई प्रदर्शनी



हिसार(सच कहूँ न्यूज)।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन विभाग एवं रचनात्मक कला की छात्राओं द्वारा रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन गृह विज्ञान महाविद्यालय की डॉ. बिमला ढ़ांडा द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा बनाई गई हस्तनिर्मित राखियों का भी प्रदर्शन किया गया। होम सांइस कॉलेज की सभी अध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने राखियां खरीदकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया एवं उनको प्रेरित किया। डॉ. बिमला ढ़ांडा द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी प्रतिभा को उजागर करने के लिए अधिक से अधिक इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। पारिवारिक संसाधन विभाग की अध्यक्षा डॉ किरण सिंह ने बताया कि इवेंट मेनेजमेंट के कोर्स में छात्राओं को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया जाता है उसी कडी में इन छात्राओं ने अपने हाथों से राखी बनाई और उनको प्रदर्शित किया।इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक व छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता दुआ ने किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अ.भि. द्वोर......
दिनांक 9.8.2019 पृष्ठ सं. ....7.... कॉलम ...1-3...

# गृह विज्ञान के छात्राओं ने लगाई राखी प्रदर्शनी



हिसार/09 अगस्त/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन विभाग एवं रचनात्मक कला की छात्राओं द्वारा रक्षाबंधन के उपलक्ष में राखियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा बनाई गई हस्तनिर्मित राखियों का भी प्रदर्शन किया गया। होम सांइस कालेज की सभी अध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने राखियां खरीदकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया एवं उनको प्रेरित किया। डॉ. बिमला ढांडा ने कहा कि अपनी प्रतिभा को उजागर करने के लिए अधिक से अधिक इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। पारिवारिक संसाधन विभाग की अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह ने बताया कि इवेंट मेनेजमेंट के कोर्स में छात्राओं को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया जाता है उसी कड़ी में इन छात्राओं ने अपने हाथों से राखी बनाई और उनको प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता दुआ ने किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........सिटी पल्स........
दिनांक 9.8.2017 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1.2

# हकृवि में छात्राओं ने लगाई हस्तनिर्मित राखियों की प्रदर्शनी



*हिसार। गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा प्रदर्शनी देखते हुए।*

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन विभाग एवं रचनात्मक कला की छात्राओं द्वारा रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा बनाई गई हस्तनिर्मित राखियों का भी प्रदर्शन किया गया। होम सांइस कॉलेज की सभी अध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने राखियां खरीदकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया एवं उनको प्रेरित किया। डॉ. बिमला ढांडा द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी प्रतिभा को उजागर करने के लिए अधिक से अधिक इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। पारिवारिक संसाधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. किरण सिंह ने बताया कि इवेंट मेनेजमेंट के कोर्स में छात्राओं को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया जाता है। उसी कड़ी में इन छात्राओं ने अपने हाथों से राखी बनाई और उनको प्रदर्शित किया। इस मौके पर सभी विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक व छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता दुआ ने किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक भास्कर........
दिनांक 10.8.2019 पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....3-4....

# एचएयू में नये बैच में शामिल छात्रों को कोर्स और अनुशासन का पढ़ाया पाठ

## कृषि कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में डीन रहे मुख्य अतिथि

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि कॉलेज में आज बीएस-सी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय पाठ्यक्रम तथा यूजी एवं पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि कॉलेज के सभागार में हुए इस कार्यक्रम में कॉलेज के डीन डॉ. एसके सहरावत मुख्य अतिथि रहे।

डॉ. सहरावत ने कहा कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र बड़े-बड़े पदों पर रहे हैं, छात्र उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें तथा अपने परिवार व विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि उनके पास कृषि शिक्षा के साथ बेहतर भविष्य बनाने के व्यापक अवसर हैं इसलिए उन्हें अनुशासन में रहते हुए कड़ी मेहनत के साथ अपने भविष्य का निर्माण करना चाहिए। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं जिनका उन्हें भरपूर फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के नियमों के बारे में जानकारी देते हुए समयबद्धता एवं नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने तथा अवांछित गतिविधियों से दूर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कृषि कॉलेज के सभी विभागों के अध्यक्ष उपस्थित थे। उन्होंने अपने-अपने विभाग में पढ़ाए जा रहे पाठ्यक्रमों, उपलब्ध सुविधाओं एवं विभाग की श्रेष्ठतम उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......निष्पक्ष शोधिका टाइम्स......
दिनांक 10.8.2019 पृष्ठ सं. ...8... कॉलम ...1-4...

# नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएन्टेशन कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 10 अगस्त (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि कालेज में बीएससी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय पाठ्यक्रम तथा यूजी एवं पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए ओरिएन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कृषि कालेज के सभागार में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में कालेज के डीन, डॉ. एसके सहरावत मुख्य अतिथि थे। उन्होंने नवागंतुकों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र बड़े-बड़े पदों पर रहे हैं, छात्र उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़े तथा अपने परिवार व विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि उनके पास कृषि शिक्षा के साथ बेहतर भविष्य बनाने के व्यापक अवसर हैं इसलिए उन्हें अनुशासन में रहते हुए कड़ी मेहनत के साथ अपने भविष्य का निर्माण करना चाहिए। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं जिनका उन्हें भरपूर फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के नियमों के बारे में जानकारी देते हुए समयबद्धता एवं नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने तथा अवांछित गतिविधियों से दूर रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में कृषि कालेज के सभी विभागों के अध्यक्ष उपस्थित थे। उन्होंने अपने-अपने विभाग में पढ़ाए जा रहे पाठ्यक्रमों, उपलब्ध सुविधाओं एवं विभाग की श्रेष्ठतम उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर शैक्षणिक, खेल, कल्चर, माउंटेनरिंग एवं अन्य गतिविधियों के संयोजक भी उपस्थित थे। उन्होंने नवागंतुक विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली, एडवाइजरी तथा एटेंडेंस सिस्टम, छात्रावास, मेडिकल व खेल सुविधाओं, पुस्तकालय आदि की जानकारी दी। सभी नवागंतुक विद्यार्थियों ने अपना-अपना परिचय दिया। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की बसों में ले जाकर विश्वविद्यालय कैंपस का भ्रमण करवाया गया।

जैनेटिक्स एवं प्लांट ब्रीडिंग विभाग के डॉ. अशोक छाबड़ा ने विश्वविद्यालय के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की व सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकेश सैनी ने सभी का स्वागत तथा मंच का संचालन किया जबकि कीट विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. योगेश कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया।